अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , रविवार, 19 अप्रैल 2026

PAGE NO : IV MIDDLE

एसआर व विद्या वर्ल्ड ने जीते मैच

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीज़न सेवन के चौथे दिन शनिवार को ग्रुप- ए की टीम एसआर इंटरनेशनल और सेक्रेड हार्ट्स के बीच मैच हुआ।

इसमें एसआर इंटरनेशनल ने 17 रन से सेक्रेड हार्ट्स को मात दी। जबकि ग्रुप- डी में हरित पब्लिक स्कूल और विद्या वर्ल्ड स्कूल के बीच मैच हुआ। विद्या वर्ल्ड ने हरित पब्लिक स्कूल को 171 रन के बड़े अंतर से पराजित किया। सातवें मैच में एसआर इंटरनेशनल के कप्तान अभिमन्यु श्रीवास्तव ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजों ने 4 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाए। सेक्रेड हार्ट्स की टीम ने अच्छा खेलना शुरू किया लेकिन खिलाड़ियों के बीच अच्छी साझेदारी न होने से टीम 9 विकेट खोकर 143 रन ही बना सकी। नतीजा एसआर इंटरनेशनल ने 17 रन से मैच अपने नाम किया। एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.शोभित सक्सेना, डा.अनुज सक्सेना, शंकर पाल, यूसुफ अंसारी मौजूद रहे।

विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। • अमृत विचार